गाँधी पॉलीटैक्निक, मुजफ्फरनगर

समूह "ख प्रवक्ता रसायन एवं समूह "ग" शैक्षिक अनुदेशक ऑटो0 (ऑटोमोबाइल) के पदों पर भर्ती हेतु मानक एवं अनुदेश

(विज्ञापन संख्या– 01/2023–24 हेतु विस्तृत विवरण)

प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राज्य सरकार से सहायता प्राप्त संस्था, गाँधी पॉलीटैक्निक, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में, लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर समूह "ख" व्याख्याता रसायन एवं समूह "ग" शैक्षिक अनुदेशक ऑटो0 (ऑटोमोबाइल) के निम्न विवरण के अनुसार नियमित रिक्त पदों पर भर्ती हेतु भारत के नागरिकों से इस विज्ञप्ति के द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र के साथ सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा रू0 400=00 (रूपया चार सौ मात्र) तथा सामान्य वर्ग की महिलाओं अभ्यर्थी द्वारा रू0 200=00 (रूपया दो सौ मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट जो **"प्रधानाचार्य, गाँधी पॉलीटैक्निक, मुजफ्फरनगर"** के नाम देय हो संलग्न किया जायेगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर समस्त वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों व ड्राफ्ट सहित एक बन्द लिफाफे में, जिसमें ऊपर स्पष्ट शब्दों में आवेदित पद का नाम एवं लिंग (पुरुष/महिला) अंकित हो; स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक/स्वयं के माध्यम से **प्रधानाचार्य, गाँधी पॉलीटैक्निक, मुजफ्फरनगर–251001** के पते पर भेजा जाना है। संस्था कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 27.09.2023 को सायं 05:00 बजे तक है। डाक अथवा अन्य प्रकार से उत्पन्न हुए विलम्ब के लिए संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। आयु की गणना भर्ती वर्ष 01–07–2023 के आधार पर की जायेगी।

क्रम संख्या	समूह	पदनाम	वेतन बैण्ड, ग्रेड वेतन	रिक्त पदों का वर्गवार विवरण एवं संख्या		01–07–2023 को आयु सीमा	सेवानियमावली एवं उसके पश्चात निर्गत शासनादेशों के अनुसार अर्हतायें एवं अनुभव
				वर्ग	संख्या		
1.	समूह–ख	व्याख्याता रसायन	प्रारम्भिक वेतन रू0 56100/– लेवल–9क एवं प्रारम्भिक वेतन रू0 57700/– लेवल–10 अगला वेतन शासनादेश संख्या 474/सोलह–2–2020–138(डब्लू)/99 दिनांक 16.03.2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है।	अनारक्षित	01	न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक	<u>व्याख्याता (लेवल–9क, प्रविष्टि वेतन रू0 56100/–) की सीधी भर्ती के लिये</u> विज्ञान एवं मानविकी– समुचित विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। <u>व्याख्याता (लेवल–10, प्रविष्टि वेतन रू0 57700/–) की सीधी भर्ती के लिये</u> विज्ञान एवं मानविकी के लिये किसी सुसंगत विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या उसके समकक्ष और यू0जी0सी0 या सी0एस0आई0आर0 द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) अथवा एस0एल0ई0टी0/एस0ई0टी0 जैसे यू0जी0सी0 द्वारा प्रत्यायित कोई समान परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो।
2.	समूह–ग शैक्षिक	अनुदेशक ऑटो0 (ऑटोमोबाइल)	प्रारम्भिक वेतन रू0 35400/– पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स–6 (पु0वे0मा0–06, ग्रेड पे0 4200)	अनारक्षित	01	न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक	इंजीनियरिंग की सम्बन्धित शाखा में डिप्लोमा।

क्रमांक सं0 02 पर अंकित अनुदेशक ऑटो0 (ऑटोमोबाइल) के पद के लिये शासनादेश संख्या 518/सोलह–2–2021 दिनांक 31.05.2021 के अनुसार खिलाडियों के लिये समूह–ग के पदों पर नियमावली–2014 के नियम–3(ग) के अन्तर्गत आवंटित अंको के अनुसार अधिकतम 05 अंक।

सामान्य निर्देश– (1) अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा एवं साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु संस्था द्वारा कोई यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।

(2) समूह–ख के रिक्त पद पर चयन प्रकिया– लिखित परीक्षा के प्राप्तांक तथा साक्षात्कार में प्राप्तांक के आधार पर एवं समूह–ग के रिक्त पद पर चयन प्रक्रिया– लिखित परीक्षा तथा शैक्षिक व तकनीकी योग्यताओं में प्राप्त अंको के भारांक के आधार पर।

(3) अभ्यर्थियों को नियत प्रारूप पर ही आवेदन करना होगा। आवेदन का प्रारूप नीचे संलग्न है। एक से अधिक पदों पर आवेदन किये जाने पर पृथक–पृथक आवेदन सभी शर्तो के साथ करना अनिवार्य है।

(4) अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करनी होंगी तथा साक्षात्कार के समय समस्त मूल प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य होगा।

(5) सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अपने विभाग को सूचना देते हुए आवेदन किया जा सकता है, परन्तु साक्षात्कार के समय विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(6) अपने आवेदन पत्र के साथ रुपया 22/– का डाक टिकट लगा, स्वयं के पत्राचार का पता अंकित, लगभग (22X10सेमी) आकार के दो लिफाफे संलग्न करना अनिवार्य है।

(7) निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त अथवा अपूर्ण प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा उन्हें निरस्त कर दिया जायेगा।

(8) उपरोक्त विज्ञापित पद पर भर्ती प्रक्रिया किसी भी स्तर पर बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(कुलदीप शर्मा)
प्रधानाचार्य/सचिव

(कन्दर्प स्वरूप)
अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति